मिशन शक्ति 5.0
नारी सुरक्षा
नारी सम्मान
नारी स्वावलंबन

प्रेस नोट-जनपद सीतापुर

अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ द्वारा थाना सिधौली का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

दिनांक 20.02.26

आज दिनांक 20.02.26 को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ महोदय श्री प्रवीण कुमार द्वारा थाना सिधौली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्राविष्टियों को चेक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने साइबर सेल, कम्प्यूटर कक्ष, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, भोजनालय, मालखाना आदि एवं विभिन्न पोर्टल पर की जाने वाली फीडिंग व साइबर सेल की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया गया तथा विवेचना में ई-साक्ष्य को सम्मिलित करने की समीक्षा की गयी। थाने पर नियुक्त पुलिस कर्मियों के साथ गोष्ठी कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

महोदय द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण करते हुए मिशन शक्ति केन्द्र पर नियुक्त स्टॉफ से वार्ता के क्रम में पीडिताओं से मृदुल व्यवहार एवं सकारात्मक आश्वासन, सम्यक कार्यवाही के पश्चात फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर हेल्प डेस्क पर नियुक्त कर्मचारियों को अपने कार्य की भिज्ञता व दक्षता की पूर्ण जानकारी हो तथा पीडित को त्वरित मदद पहुंचाई जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री कपूर सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति केन्द्र
थाना - सिधौली, जनपद - सीतापुर
मिशन शक्ति केन्द्र
थाना-सिधौली,सीतापुर
जनपद सीतापुर
उत्तर प्रदेश
डरें नहीं
सहें नहीं

उत्तर प्रदेश पुलिस

उत्तर प्रदेश पुलिस

उत्तर प्रदेश पुलिस

उत्तर प्रदेश पुलिस

महिला शौचालय एवं चेन्जिंग रूम